


दैनिक **नईदुनिया**

भगवान महावीर जयंती आज


भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(सागर : वर्ष 12 अंक 19,पृष्ठ 12)
गुरुवार 10 अप्रैल 2025
सागर संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये




**राजधानी...** ग्लोबल स्किल पार्क की सभी भरी ...


**खेल...** आईएसएसएफ वर्ल्ड कप : सुरूचि और विजयवीर ने ...


**व्यापार...** यूपी के निर्यातक भी परेशान, टैरिफ के कारण...


**देश-विदेश...** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के ...



www.naiduniaonline.com


# भारत की प्रगति से दूसरों की प्रगति के रास्ते खुलते हैं : मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत परस्पर सहयोग के दर्शन के साथ कार्य करता है और अपने विकास के साथ दूसरों के विकास के द्वार भी खोलता है। इसी कारण भारत के प्रति दुनिया का विश्वास आज और मजबूत हुआ है।**

श्री मोदी ने कहा कि भारत कि यह विशेषता है कि इस देश की प्रगति से दूसरों की भी प्रगति के रास्ते खुलते हैं। वह राजधानी में जैन धर्मावलम्बियों के नवकार महामंत्र दिवस को संबोधित कर रहे थे। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जैन धर्म की शिक्षाओं से प्रेरणा ले कर व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का संचालन करने में सुंदरता की व्याख्या करते हुए पानी की बचत, और स्वच्छता जैसे नौ संकल्प कराए। नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इसमें जैन धर्म में सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र-नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों की एकजुटता की प्रार्थना की जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत पर दुनिया का विश्वास और भी गहरा हो रहा है। हमारे प्रयास, हमारे परिणाम, अपने आप में अब प्रेरणा बन रहे हैं। वैश्विक संस्थाएं भारत की ओर देख रही हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि भारत आगे बढ़ा है। और जब हम आगे बढ़ते हैं, ये भारत की विशेषता है, जब भारत आगे बढ़ता है, तो दूसरों के लिए रास्ते खुलते हैं। यही तो जैन धर्म की भावना है।

परस्परोपग्रह जीवानाम्! के दर्शन का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जीवन आपसी सहयोग से ही चलता है। इसी सोच के कारण भारत से दुनिया की अपेक्षाएँ भी बढ़ी



हैं। और हम भी अपने प्रयास तेज कर चुके हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि इस संकट का समाधान जैन धर्म के अपरिग्रह के सिद्धांत में है। उन्होंने जलवायु संकट से निपटने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए भारत द्वारा विश्व के समक्ष प्रस्तुत मिशन लाइफ का जिक्र किया जो पर्यावरण की रक्षा करने वाली जीवन शैली पर केन्द्रित है और जैन समाज तो सदियों से यही जीता आया है। सादगी, संयम और स्वस्थ मार्ग आपके जीवन के मूल हैं। जैन धर्म में कहा गया है- अपरिग्रह, अब समय हैइन्हें जन-जन तक पहुँचाने का। श्री मोदी ने इस अवसर पर लोगों के लिए रोजमर्रा के जीवन के लिए नौ संकल्प कराए जिनमें पानी बचाने, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता मिशन, वोकल फॉर लोकल, देश-दर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वच्छ जीवन, दिन-चर्चा में योग और खेल-कूद तथा गरीब की सहायता का संकल्प है।

## मोदी को रूस के विक्ट्री डे परेड के मौके पर शामिल होने पुतिन का निमंत्रण

**मॉस्को ( एजेंसी )।** रूसी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को मॉस्को में 80वें विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया है। यह समारोह द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की विजय का प्रतीक है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रूसी उप-विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने पुष्टि की कि नई दिल्ली को आधिकारिक निमंत्रण भेजा गया है और उच्च स्तरीय यात्रा की तैयारियां अभी चल रही हैं। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास के हवाले से रुडेंको ने कहा, इस पर काम जारी है, यह इसी साल होना चाहिए। उन्हें निमंत्रण मिला है। उप विदेश मंत्री यह भी कहा कि रूस ने मॉस्को के प्रतिष्ठित रेड स्क्वायर पर आयोजित होने वाली वार्षिक सैन्य परेड में भाग लेने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को इसी तरह का निमंत्रण दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 मई को विजय दिवस परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आरबीआई ने ईएमआई पर दी राहत.....

# रेपो रेट में लगातार दूसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती का फैसला

**मुंबई (एजेंसी)।**

**रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती का फैसला किया गया है. इसके बाद रेप रेट घटकर 6.0प्रतिशत पर आ गया है। आरबीआई के इस कदम से बैंक के ऋण और लोन रेट, ईएमआई पर सीधा असर पड़ेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मोनेट्री पॉलिसी कमेटी ने रेपो रेट कम करने पर एक राय से अपनी सहमति दी।**



रेपो रेट को परचेजर एग्रीमेंट रेट भी कहा जाता है। यानी ये वो रेट है जिस पर आरबीआई की तरफ से कॉमर्शियल बैंक को उधार में पैसे दिए जाते हैं। ऐसे में अगर आरबीआई की तरफ से रेपो रेट सस्ता किया जाता है तो इसका सीधा फायदा उपभोक्ताओं को दिया जाता है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में हलचल के साथ नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत हुई। केन्द्रीय बैंक की तरफ से वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते पैदा हुए खतरे पर नजर है। आरबीआई का ये कदम डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की तरफ से लगाए गए भारत के एक्सपोर्ट पर टैरिफ के कुछ दिनों पर बाद उठाया गया है। आरबीआई की तरफ से ये फैसला एमपीसी की 7 से 9 अप्रैल तक चली बैठक के बाद बुधवार की सुबह लिया गया। इसके बाद लोगों के होम और कार लोन की ईएमआई में कमी आ जाएगी। ये लगातार दूसरी बार है जब आरबीआई ने रेपो रेट में कटौती का फैसला किया है। हालांकि, आरबीआई के इस कदम के बारे में एक्सपर्ट्स पहले से अंदाजा लगा रहे थे। बीते फरवरी में आरबीआई की तरफ से रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कौती का एलान किया गया था, जिसके बाद रेपो रेट 6.50प्रतिशत से घटकर 6.25प्रतिशत हो गया था। आरबीआई की तरफ से 2023 के जून में रेपो रेट बढ़ाकर 6.50प्रतिशत किया गया था। यानी 5 साल में ये बदलाव किया गया था। हालांकि, बैंक में जमा के रेट में किसी तरह के बदलाव की उम्मीद काफी कम है। यानी, बैंक की तरफ से होम लोन लेनेवालों को फायदा तो दिया जा सकता है, लेकिन जमाकर्ताओं को इसका फायदा नहीं मिलने वाला है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का महंगाई को कंट्रोल का टारगेट 2प्रतिशत से 6प्रतिशत के बीच रहता है। फिलहाल भारत इस बैंड में बना हुआ है। इसके मायने ये हुआ कि अब आरबीआई का फोकस ग्रोथ को बूस्ट करने पर रहेगा। छोटे बिज़नेस, स्टार्टअप्स और आम जनता के लिए ये राहत की खबर होगी। गौरतलब आरबीआई की तरफ से साल 2023 के जून महीने में रेपो रेट बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया गया था। यानी पांच वर्ष में ये बदलाव किया गया था।

यह घोषणा सुबह 10 बजे की गई। एमपीसी की यह बैठक वैश्विक आर्थिक मंदी की बढ़ती आशंकाओं के बीच हो रही है, जिसमें अमेरिकी संरक्षणवादी उपायों का असर भारत सहित उभरते बाजारों पर पड़ रहा है। फरवरी में अपनी अंतिम नीति समीक्षा में आरबीआई ने बेंचमार्क रेपो दर को 25 आधार अंकों से घटाकर 6.25प्रतिशत कर दिया था, जो लगभग पांच वर्षों में पहली कटौती थी।

## खास-खबरें

### राम रहीम को मिला 21 दिन का फरलो

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** साध्वी यौन शोषण एवं पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के मामले में 20 वर्ष की कैद की सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को बुधवार को 21 दिन के फरलो पर रोहतक की सुनारिया जेल से रिहा कर दिया गया। हरियाणा सरकार ने पिछले सात वर्षों में 14वीं बार डेरा प्रमुख का परोल/फरलो मंजूर किया है जिसमें से अधिकांश किसी न किसी चुनाव के आसपास किए गए हैं। पिछली बार दिल्ली विधानसभा चुनाव से एक सप्ताह पहले राम रहीम को 30 दिन के परोल पर रिहा किया गया था। उससे पहले पिछले साल लोकसभा चुनाव, हरियाणा विधानसभा चुनाव के मौकों समेत राम रहीम को परोल/फरलो पर जेल से रिहा किया गया था।

### भारत आएगा 26/11 का आरोपी तहव्वुर राणा

**न्यूयॉर्क ( एजेंसी )।** मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाया जा रहा है। दिल्ली और मुंबई की जेलों में तहव्वुर राणा के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। ये इंतजाम अमेरिकी अदालत की सलाह के अनुसार किए गए हैं। मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को जल्द ही अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। भारत में सरकारी सूत्रों के अनुसार भारत से विभिन्न एजेंसियों की एक टीम अमेरिका आई है और अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर सभी कागजी और कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। इस बात की अत्यधिक संभावना है कि राणा को जल्द ही प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 9 अप्रैल को भीड़भाड़ को कम करने के लिए दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी।**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ रुपये की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले प्रवेश नियंत्रित जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने तिरुपति से काटपाडी तक दोहरीकरण को मंजूरी दी है जो 1332 करोड़ रुपये की परियोजना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में 1600 करोड़ रुपये के प्रारंभिक कुल परिव्यय के साथ कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी। पीआईबी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने एनएच-7 के साथ जंक्शन से शुरू होकर एनएच-5 (जीरकपुर-परवाणू) के साथ जंक्शन पर समाप्त होने वाले 6 लेन वाले जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

इसमें बताया गया है कि इसकी कुल लंबाई 19.2 किलोमीटर है। यह निर्माण पंजाब और हरियाणा राज्य में एनएच(ओ) के तहत हाइब्रिड एन्युटी मोड पर किया जाएगा।

## 26 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की बिक्री के लिए एक मेगा डील को मंजूरी दी है। 63,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के इस सरकारी सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर जेट के साथ-साथ चार ट्विन-सीटर वैरिएंट मिलेंगे। भारत को एक बड़ा पैकेज मिलेगा जिसमें बेड़े का रखरखाव, लॉजिस्टिकल सपोर्ट, कर्मियों की ट्रेनिंग और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग कंपोनेंट के लिए ऑफसेट दायित्व शामिल होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इस सौदे को मंजूरी दे दी। राफेल मरीन जेट विमानों को भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोतों पर तैनात किया जाएगा ।

# देश ने राहुल को गंभीरता से लेना बंद कर दियाः रविशंकर



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वक्फ एक्ट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बयान पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पलटवार किया है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में एक बार कहा था कि 6-7 साल में एक व्यक्ति युवा हो जाता है। फिर उन्होंने कहा कि तपस्या से गर्मी आ जाती है। आज वैसा ही नया सिद्धांत कुछ दिखाई पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी को वक्फ पर बोलने की कोशिश करने के लिए अहमदाबाद का इंतजार करना पड़ा। मैं कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी जी 12-13 घंटे सदन में बहस हुई आप खुद बैठे थे, वक्फ पर आपने क्यों नहीं बोला।

# वक्फ संशोधन अधिनियम बंगाल में लागू नहीं होगा : ममता



**कोलकाता ( एजेंसी )। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वह अल्पसंख्यकों की और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम के लागू होने से मुसलमान दुखी हैं और उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह राज्य में 'फूट डालो और राज करो की नीति' को जारी नहीं रहने देंगी। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह अल्पसंख्यकों की और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं।

## विमान में शख्स ने बगल के पैसेंजर पर की पेशाब

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नई दिल्ली से बैंकॉक जा रही एक उड़ान के दौरान एयर इंडिया के एक यात्री ने अपने साथी यात्री पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया। एयरलाइन ने डीजीसीए को इस घटना की सूचना दी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि चालक दल ने सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया और मामले की सूचना अधिकारियों को दे दी। बुधवार को बैंकॉक जाने वाली उड़ान एआई 2336 का संचालन करने वाले केबिन क्रू को अनियंत्रित यात्री व्यवहार की घटना की सूचना दी गई थी।

# लोकतंत्र को खत्म कर सामाजिक असमानता बढ़ा रही है मोदी सरकारः खड़गे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।**

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि देश में तानाशाही चल रही है तथा कुछ उद्योगपतियों को देश की संपत्ति सौंपी जा रही है जिससे अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ रही है।**



श्री खड़गे ने यहां कांग्रेस अधिवेशन के आखिरी दिन बुधवार को देश के विभिन्न हिस्सों से आये प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में आम लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है, विपक्षियों को सताया जा रहा है, दलितों के प्रवेश से मंदिरों को गंगाजल छिड़क कर पवित्र किया जा रहा है और आम लोगों को जिस तरह से परेशान किया जा रहा है, उसे माफ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का कहना है कि समाज में सबसे बड़ी दिक्कत शिक्षा व्यवस्था की है। इसे बदलने की सख्त जरूरत है ताकि गरीब और दलित का बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे और उसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने का हक मिले। आदिवासियों को देश का मूल निवासी बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग इन्हें वनवासी कह रहे हैं और नया शब्द देकर उन्हें किनारे करने का प्रयास कर रहे हैं।

## नया वक्फ एक्ट धार्मिक स्वतंत्रता संविधान पर हमलाः राहुल



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज फिर कहा है कि सरकार बनी तो जाति जनगणना पर कानून बनाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का हिंदुस्तान की सभी संस्थाओं पर अतिक्रमण हो गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि गांधी की विचारधारा और संघ की विचारधारा में फर्क है। राहुल ने दावा किया कि कांग्रेस ही आरएसएस और भाजपा को हराएगी। उन्होंने दावा किया कि नया वक्फ एक्ट धार्मिक स्वतंत्रता-संविधान पर हमला है। उन्होंने कहा कि हमने तेलंगाना में जाति जनगणना का क्रांतिकारी कदम उठाया। उससे कुछ महीने पहले, मैंने संसद में पीएम नरेंद्र मोदी से पूछा था कि हमें देश में जाति जनगणना करवानी चाहिए।

**स्पेशल खबर** *भारत प्रवासियों के साथ मजबूत संबंध तथा ....*

# उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : मुर्मु

**लिस्बन (एजेंसी)।**

**पुर्तगाल की यात्रा पर गयी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत अपने प्रवासियों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने तथा उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।**

श्रीमती मुर्मु ने यहां भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस भारत सरकार के कैलेंडर में एक प्रमुख और उच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। सरकार ने प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए संकट के समय सहयोग के लिए कई पहलें की हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मिशन विदेश में हर भारतीय की सहायता करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि आप चाहे कहीं भी हों, आपकी मातृभूमि हमेशा आपके साथ है! मैं अपनी जड़ों से जुड़े रहने, पुर्तगाल में भारतीय संस्कृति को जीवित रखने भारत के प्रति अपने स्नेह, और भारतीय ध्वज को ऊंचा फहराए रखने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल के साथ भारत के ऐतिहासिक और घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। द्विपक्षीय संबंध समय के साथ और भी प्रगाढ़ हो रहे हैं। दोनों देश कई क्षेत्रों, जैसे व्यापार एवं वाणिज्य, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, प्रवास और संस्कृति, में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।



श्रीमती मुर्मु ने कहा कि पुर्तगाल में लघु लेकिन अत्यंत सार्थक प्रवास के दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को महसूस किया, जो भारतीय कला, संस्कृति एवं खान-पान, योग एवं आयुर्वेद की लोकप्रियता में देखे जा सकते हैं।

## दिल्ली की अदालत ने कपिल मिश्रा के खिलाफ जांच पर रोक लगाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी 2020 के दंगों में कथित भूमिका को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच पर 21 अप्रैल तक रोक लगा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया, जिसके बाद मामले में नया मोड़ आ गया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने बुधवार को मिश्रा की याचिका पर सुनवाई के बाद जांच पर रोक लगा दी। अदालत ने शिकायतकर्ता मोहम्मद इलियास को नोटिस जारी कर 21 अप्रैल तक जवाब देने को कहा है। इससे पहले, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने एक अप्रैल को जांच की जरूरत बताई थी, क्योंकि मिश्रा उस समय इलाके में मौजूद थे।